जागरण

एडीसी ने साइकिल यात्रा को झंडी दिखाकर किया रवाना

Thu, 17 Jan 2019

एडीसी सतबीर ¨सह कुंडू ने हनुमान वाटिका से केंद्र सरकार की ईट राइट इंडिया मिशन के तहत गत 16 अक्तूबर 2018 को शुरू की गई जागरूकता यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

जागरण संवाददाता, कैथल :

एडीसी सतबीर ¨सह कुंडू ने हनुमान वाटिका से केंद्र सरकार की ईट राइट इंडिया मिशन के तहत गत 16 अक्तूबर 2018 को शुरू की गई जागरूकता यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह यात्रा 17 जनवरी को आइटीआइ से शुरू होकर जिमखाना क्लब पहुंचेगी, जहां से साइकिल यात्रा कुरुक्षेत्र जिला के लिए रवाना होगी।

एडीसी कुंडू ने कहा कि इस यात्रा में शामिल एनसीसी कैडेट्स व अन्य महिलाओं ने जाट स्कूल, कबूतर चौक व निरवाणियां बि¨ल्डग होते हुए शहर वासियों को खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम के तहत खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता बनाए रखने की जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त यात्रा के साथ चल रही मोबाइल फूड वैन लैबोरेटरी में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच की।

उन्होंने कहा कि स्वस्थ भारत यात्रा के माध्यम से इस यात्रा द्वारा ईट राइट इंडिया मिशन के तहत लोगों को सही खाना लेने के लिए प्रेरित किया जाता है और चीनी, तेल व नमक का प्रयोग कम करने बारे प्रोत्साहित किया जाता है। मिशन के तहत लोगों को इ¨टग सेफ के तहत किचन में साफ-सफाई बरतने

के बारे में जागरूक किया जाता है ताकि फूड प्वायजनिंग से बचा जा सके। मिशन के तहत लोगों को फोर्टीफाइड खाना लेने की सलाह दी जाती है, जिसमें विटामिन मौजूद होते हैं।

फास्ट फूड से पड़ता स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव

उन्होंने बताया कि आजकल युवा फास्ट फूड की ओर ज्यादा ध्यान दे रहे हैं, जिससे उनके स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। उन्होंने स्वच्छता के बारे में कहा कि सरकार व प्रशासन ने इस दिशा में अनेक कदम उठाए गए हैं। उन्होंने आम जन से आह्वान करते हुए कहा कि वे स्वयं के आसपास तथा समाज में साफ-सफाई रखने में अपना पूर्ण योगदान दें। प्रशासन ने जिला वासियों के सहयोग से संपूर्ण जिला को खुले में शौच मुक्त किया गया है। अब जिला प्रशासन का प्रयास है कि जिला को खुले में शौच मुक्त प्लस बनाया जाए।